an>

Title: Regarding proper use of funds allocated for tourism development in Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं आपके माध्यम से यह विÂषय लाना चाहता हूँ कि आज हमारी वर्तमान सरकार पर्यटन के क्षेत्र को लेकर बहुत ही संवेदनशील है। मैं अपने सम्माननीय प्रधान मंत्री जी को और सम्माननीय डॉ0 महेश शर्मा जी जो पर्यटन मंत्री हैं को भी बधाई देना चाहूँगा। आँकड़ों के आधार पर अब तक, एनडीए की सरकार आने के पहले, हमारे देश में जो पर्यटकों की संख्या का आधार था, वह लगभग 2.7 प्रतिशत था। वर्तमान समय में मैं बधाई देते हुए कहना चाहूँगा कि वह आधार लगभग 5.6 प्रतिशत हो चुका है, जिससे बेरोजगारों को रोजगार भी मिल रहा है।

महोदय, मैं विशेÂष रूप से आपके राज्य की मुख्यमंत्री महोदया, अम्मा को बधाई दूँगा कि उन्होंने भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के आधार पर अपने क्षेत्र का स्थान काफी बड़ा किया है, लेकिन खेद के साथ मुझे कहना पड़ रहा है कि जिस उत्तर प्रदेश से मैं आता हूँ, देश की आबादी में उसका बहुत बड़ा स्थान है। विश्व के पर्यटन केन्द्रों में उसका बहुत बड़ा स्थान है। वह इसलिए है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में ही काशी, कबीर, राम, कृष्ण, बुद्ध, इन सबके महत्वपूर्ण स्थल हैं। उन महत्वपूर्ण स्थलों के लिए, महोदय, अगर आप अनुमति दें तो मैं बता दूँ कि हमारी सरकार ने उनके लिए कितना रूपया दिया है, चाहे वह काशी में हो, चाहे मथुरा में हो, चाहे बुद्ध सर्किट के लिए हो, चाहे रामायण सर्किट के लिए हो, यह सब आँकड़ों में मैं बताना चाहूँगा। खेद का विÂषय यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार पैसा देना चाहती है, हमारे युवा मुख्यमंत्री जी हैं, मैं उनको बधाई देता कि अगर वह केवल डीपीआर बनाकर के पर्यटन का वहाँ पर स्थापित करते तो आज संत कबीर नगर के जितने भी पर्यटन स्थल हैं, हमारे यहाँ कोपिया है, हमारे यहाँ बखीरा झील, एशिया की सबसे बड़ी झील है, हमारे यहाँ चौगरा घाट है, हमारे यहाँ तामेश्वरनाथ धाम है, अन्य स्थान हैं, तो वहाँ पर इनका विकास भी होता, पर्यटकों की संख्या भी बढ़ती और स्थानीय स्तर पर बहुत बड़ा रोजगार भी मिलता।

महोदय, मैं पुनः एक बार आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय से और उनकी पार्टी के लोग भी यहाँ बैठे हैं, मैं उनसे विशेÂष आग्रह करना चाहूँगा कि वे डीपीआर बनाकर भेजें। हमारे मंत्री जी को भी एक जुलाई को पुनः पत्र भेजना पड़ा है। बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri C.P. Joshi,

Shri Sudhir Gupta,

Shri Rodmal Nagar are allowed to be associated with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.